

# लक्ष्य तय कर आगे बढ़ना सफलता की कुंजी : योगेश

## शासकीय संदीपनी बगहा में जिला स्तरीय प्रवेशोत्सव का आयोजन

नवभारत न्यूज

**सतना 01 अप्रैल. सतना जिले के सभी विद्यालयों में 1 अप्रैल को स्कूल चले हम अभियान के तहत प्रवेशोत्सव कार्यक्रम से नवीन शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ किया गया।**



जिला स्तरीय प्रवेशोत्सव एवं साइकिल वितरण का कार्यक्रम संदीपनी उ.मा.वि. बगहा में महापौर योगेश ताम्रकार के मुख्यातिथ्य और उपाध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती सुष्मिता सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य एकता सिंह, सावित्री त्रिपाठी, पार्षद अभिषेक तिवारी, डिप्टी कलेक्टर सुभाष मिश्रा, खनिज अधिकारी एचपी सिंह, बीईओ आयुषी अग्रवाल, बीआरसी दिवाकर तिवारी, प्राचार्य रघुवंश प्रसाद मिश्रा सहित सहित शिक्षक-शिक्षिकायें, छात्रायें एवं उनके अभिभावक उपस्थित रहे।

महापौर योगेश ताम्रकार ने कहा कि बच्चों के लिए आज का दिन अत्यंत पवित्र और महत्वपूर्ण होता है। पहले के समय में स्कूल के पहले दिन पाटी पूजा हुआ करती थी। अब स्कूल का प्रवेशोत्सव सरकारी तौर पर मनाया जाने लगा है। प्रवेशोत्सव की शुभकामनायें देते हुए महापौर योगेश ताम्रकार ने बच्चों से कहा कि परीक्षा में कितने प्रतिशत अंक लाना है। इसका लक्ष्य अभी से निर्धारित करें और अध्ययन में जुट जाये तो सफलता मिलना सुनिश्चित है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुष्मिता सिंह ने कहा कि व्यक्ति में संस्कार उनके जन्म के साथ ही शुरू हो जाते हैं। स्कूल जाना भी एक संस्कार है। भारतीय संस्कृति समृद्धे विश्व में श्रेष्ठ है। इसलिए, शिक्षा में संस्कार का समावेश होना जरूरी होता है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की भूमिका राष्ट्र के भविष्य निर्माण और आने वाली पीढी को सही दिशा देने में महत्वपूर्ण होती है। जिले में स्कूल नियमित रूप से खुले और अध्ययन, अध्यापन हो ताकि जिले का रिजल्ट बेहतर हो सके।

प्रथम दिन प्रवेशोत्सव के दौरान नव प्रवेशी छात्रों का तिलक गुलाल से स्वागत कर पाठ्य पुस्तकें एवं साइकिल प्रदान की गई। दूसरे दिन 2 अप्रैल को दिन के प्रथम श्रेणी, द्वितीय श्रेणी अधिकारी अपने आवंटित स्कूल में जाकर भविष्य से भेंट कार्यक्रम में बच्चों से संवाद करेंगे और प्रोत्साहन देंगे। तीसरे दिन विद्यालय स्तर पर खेलकूद गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा और 85 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों के पालकों का सम्मान होगा। इसी प्रकार 4 अप्रैल को अकादमिक सत्र 2025 में कक्षोन्नति नहीं होने वाले छात्रों एवं शाला के बाहर के बच्चों को आमंत्रित कर शाला प्रबंध समिति के साथ शत-प्रतिशत नामांकन के लिए कार्य योजना तैयार की जायेगी।

# देहदान कर मानवता की मिसाल बनीं शांति

## राजकीय सम्मान के साथ मेडिकल कॉलेज को सौंपा गया पार्थिव शरीर

नवभारत न्यूज

**सतना 01 अप्रैल. मानव सेवा और समाज के प्रति उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हुए श्रीमती शांति जायसवाल ने मरणोपरांत देहदान कर एक प्रेरणादायी मिसाल कायम की। उनका पार्थिव शरीर बुधवार को राजकीय सम्मान के साथ मेडिकल कॉलेज सतना को सौंपा गया।**



इस दौरान उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर देकर सलामी भी दी गई। श्रीमती शांति जायसवाल, एसबीआई लाइफ सतना के ब्रांच मैनेजर एवं लायंस क्लब इंटरनेशनल के रीजनल चेयरपर्सन अशोक जायसवाल तथा इंडियन पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर आर.एस. जायसवाल (कामता भैया) की पूज्य माता थीं। उनका निधन 31 मार्च 2026 को हुआ था।

उन्होंने 1 जनवरी 2026 को द बुद्धाज भूमि संस्था द्वारा आयोजित सर्वोच्च दान महादान कार्यक्रम में देहदान का संकल्प लिया था। उनके परिवारजनों ने उनकी अंतिम इच्छा का सम्मान करते हुए इस संकल्प को पूर्ण किया। इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. एस.पी. गर्ग, एनाटॉमी विभाग के एचओडी डॉ. अंकित जैन, डॉ. पंकज चौरसिया, डॉ. रोशनी चतुर्वेदी, तहसीलदार राजेश कुमार सिंह सहित कई प्रशासनिक अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए परिवार को इस कठिन समय में संबल प्रदान करने की प्रार्थना की। शांति जायसवाल का यह महान कार्य समाज के लिए प्रेरणा स्रोत बना रहेगा।

# अस्पताल की छत पर मिली एक्सपायर दवाइयां

नवभारत न्यूज

**सतना, 1 अप्रैल. मैहर सिविल अस्पताल की छत पर बड़ी मात्रा में एक्सपायर दवाइयां खुले में पड़ी मिली हैं। इस संबंध में मंगलवार शाम को वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। जिससे स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।**



अस्पताल की छत पर दवाइयों के कई पैकेट और बॉक्स पड़े दिखाई दे रहे हैं, जिनके एक्सपायर होने की बात कही जा रही है। घटना से स्थानीय प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की साख पर आंच आई है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, खुलेआम रखी गई ये दवाइयां न केवल नियमों का उल्लंघन हैं, बल्कि इनसे मरीजों की सुरक्षा को भी खतरा हो सकता है। एक्सपायर दवाओं को निर्धारित प्रक्रिया के तहत नष्ट किया जाना चाहिए, लेकिन यहां उन्हें लापरवाहीपूर्वक फेंक दिया गया।

### जांच कर दोषियों पर होगी कार्रवाई

मामले को लेकर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. मनोज शुक्ला ने बताया कि यह उनके संज्ञान में आया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पूरे मामले की जांच कराई जाएगी और यह पता लगाया जाएगा कि ये दवाइयां कौन सी हैं और अस्पताल परिसर में कैसे पहुंचीं। सीएमएचओ ने आश्वासन दिया है कि जांच के बाद यदि किसी की लापरवाही सामने आती है, तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल स्वास्थ्य विभाग की टीम इस मामले की जांच में जुट गई है।

# नाबालिग किशोरी ने गर्भवती होने पर गढ़ी गैंगरेप की झूठी कहानी

## टीचर पर लगाया था आरोप, गांव के लड़के से था अफेयर

नवभारत न्यूज

**सतना, 1 अप्रैल. जिले के रामपुर बघेलान थाना क्षेत्र में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। 16 वर्षीय नाबालिग किशोरी पांच महीने की गर्भवती पाई गई, जिसने शुरुआत में स्कूल के टीचर सहित दो अन्य लोगों पर गैंगरेप का गंभीर आरोप लगाया था।**

लेकिन पुलिस जांच में यह पूरा मामला झूठा निकला। किशोरी ने अपने बॉयफ्रेंड के कहने पर परिवार और पुलिस को गुमराह करने के लिए यह कहानी गढ़ी थी। मंगलवार शाम को एक बुजुर्ग महिला अपनी 16 वर्षीय पोती को लेकर जिला अस्पताल पहुंची। लड?ी की तबीयत खराब बताई जा रही थी। डॉक्टरों ने गायनिक वार्ड में जांच की तो पता चला कि नाबालिग करीब पांच महीने की गर्भवती है। इस खुलासे से परिवार और अस्पताल स्टाफ हैरान रह गए। तुरंत अस्पताल चौकी पुलिस को सूचना दी गई। रामपुर बघेलान थाना प्रभारी संदीप चतुर्वेदी के निर्देश पर महिला सब इंस्पेक्टर अस्पताल पहुंचीं और नाबालिग तथा उसकी दादी के बयान दर्ज किए। शुरुआती बयान में किशोरी ने दावा किया कि पिछले साल दीपावली के आसपास स्कूल के एक कमरे में एक शिक्षक ने उसे बहला-फुसलाकर ले जाकर बेहोश कर दिया। वहां पहले से दो नकाबपोश मौजूद थे। तीनों ने मिलकर उसे सुंघाकर बेहोश किया और गैंगरेप किया। होश आने पर एक महिला शिक्षक ने उसे बाहर निकाला। डर के मारे उसने किसी को नहीं बताया और स्कूल जाना भी बंद कर दिया। इस बयान के बाद पुलिस और शिक्षा विभाग में हड?प मच गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत जांच शुरू कर दी गई।




### गांव और परिवार के सदस्यों से पूछताछ

रात में ही पुलिस ने गांव और परिवार के आसपास पूछताछ की। कई बातें संदिग्ध लगीं। महिला सब इंस्पेक्टर प्रीति कुशवाहा ने शांत वातावरण में मनोवैज्ञानिक तरीके से किशोरी से दोबारा बात की। तब किशोरी ने सच स्वीकार कर लिया। उसने बताया कि उसने गैंगरेप की कहानी गढ़ी थी ताकि असली सच्चाई छिप जाए। असल में उसके गांव के ही एक नाबालिग लड? से उसका अफेयर चल रहा था और प्रेमी के कहने पर ही उसने यह झूठी कहानी बनाई।

# आधा किलो सोने को लेकर ज्वेलर व कारीगर में विवाद, मामला थाने पहुंचा

नवभारत न्यूज

**सतना, 1 अप्रैल. शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में 500 ग्राम सोने के लेनदेन को लेकर विवाद का मामला सामने आया है, जिसमें एक ज्वेलर ने कुछ लोगों पर दबाव बनाकर झूठे प्रकरण में फंसाने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है।**



पीड़ित ने पुलिस से शिकायत कर मामले में उचित कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार लक्ष्मण मार्केट हनुमान चौक निवासी 48 वर्षीय कमल साहू की कमल सोना-चांदी नाम से दुकान है। 19 मार्च को दीपक उर्फ बिल्लू सोनी और छोटू सोनी उसके दुकान पर पहुंचे, जिनके साथ न्यू गहना आर्नामेंट, लाला चौक का एक अन्य व्यक्ति भी मौजूद था। पीड़ित के मुताबिक आरोपियों ने उसकी दुकान में काम करने वाले कारीगर देवांजन पर 500 ग्राम सोना उधार लेने का आरोप लगाया। कमल साहू का कहना है कि संबंधित सोना कारीगर को उधारी में दिया गया था, लेकिन आरोपियों ने इस मामले को लेकर उस पर ही दबाव बनाना शुरू कर दिया। आरोप है कि उन्होंने कहा कि कारीगर ने न तो सोना वापस किया है और न ही उसकी रकम लौटाई है, जिसकी शिकायत उन्होंने सिटी कोतवाली में दर्ज कराई है।

### पुलिस ने शुरू की जांच

पीड़ित का यह भी आरोप है कि आरोपियों ने उसे धमकी दी कि यदि वह अपने कारीगर से सोना वापस नहीं दिलवाता तो उसे भी जेल भिजवा दिया जाएगा। साथ ही उसे झूठे मामले में फंसाने की लगातार कोशिश की जा रही है और जान से मारने की धमकियां दी जा रही हैं। इस पूरे मामले को लेकर कमल साहू ने पुलिस से सुरक्षा और न्याय की मांग की है। फिलहाल सिटी कोतवाली थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है और तथ्यों की पड़ताल की जा रही है।

# बेलदरा में गेहूं की खड़ी फसल में लगी आग

नवभारत न्यूज

**सतना, 1 अप्रैल. मैहर क्षेत्र अंतर्गत बेलदरा गांव में बुधवार को एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां एक किसान की खड़ी गेहूं की फसल में अचानक आग लग गई और देखते ही देखते दो एकड़ से अधिक फसल जलकर खाक हो गई।**



इस हादसे में किसान लोकनाथ सिंह को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है, जिससे उनका परिवार गहरे संकट में आ गया है। जानकारी के अनुसार, खेत में अचानक आग भड? उठी और तेज हवा के चलते उसने कुछ ही देर में विकराल रूप ले लिया। आग इतनी तेजी से फैली कि किसान को संभलने तक का मौका नहीं मिला और पूरी फसल उसकी चपेट में आ गई। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तुरंत मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का प्रयास शुरू किया और साथ ही फायर ब्रिगेड को सूचना दी।



# माधवगढ़ के शिविर में युवा सेवी दिखा रहे उत्साह

नवभारत न्यूज

**सतना, 1 अप्रैल. राष्ट्रीय सेवा योजना ( ह्रस्) के सात दिवसीय इकाई विशेष शिविर, जो 28 मार्च से 3 अप्रैल तक ग्राम माधवगढ़ में आयोजित किया जा रहा है, का पंचम दिवस बड़े उत्साह एवं उमंग के साथ सम्पन्न हुआ।**

कार्यक्रम की शुरुआत प्रात:कालीन प्रभात फेरी से हुई, जिसमें स्वयंसेवकों ने ग्राम में भ्रमण कर स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं स्वास्थ्य जागरूकता के संदेश प्रसारित किए। इस दौरान ग्रामीणों ने भी बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई। प्रभात फेरी के पश्चात स्वयंसेवकों द्वारा योग, व्यायाम, परेड एवं पी.टी. का आयोजन किया गया, जिससे उनमें अनुशासन एवं शारीरिक क्षमता का विकास हुआ। आज शिविर स्थल में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया । परियोजना कार्य के अंतर्गत स्वयंसेवकों ने परिसर की साफ-सफाई एवं साज-सज्जा की। तत्पश्चात माधवगढ़ किले स्थित मंदिर परिसर की स्वच्छता कर पौधों में जल प्रदान किया एवं सौंदर्यीकरण का कार्य किया। स्वयंसेवकों ने इस ऐतिहासिक स्थल का भ्रमण कर इसके महत्व की जानकारी भी प्राप्त की। इसके उपरांत बौद्धिक सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में निधि त्रिपाठी एवं अध्यक्ष के रूप में आकाश कुशवाहा उपस्थित रहे।


# कलेक्टर ने किया औद्योगिक क्षेत्र का निरीक्षण

**सतना 01 अप्रैल.** कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने बुधवार को क्षेत्र भ्रमण के दौरान नयागांव कोठी और बाबूपुर के औद्योगिक क्षेत्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कोठी स्थित एमएसएमई के औद्योगिक क्षेत्र में अतिक्रमण तथा बाबूपुर कनियारी में एमपीआईडीसी के औद्योगिक क्षेत्र में पहुंच मार्ग की समस्या का मौके पर निरीक्षण कर निराकरण के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# खरीदी में लेट लतीफी से बाजार में लुट रहा है किसान : दिलीप

नवभारत न्यूज

**सतना, 1 अप्रैल. जिले में गेहूं खरीदी को लेकर एक बार फिर सरकार की नियत और नीत पर सवाल खड़े हो गए 1 अप्रैल से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी शुरू करने का ऐलान करने वाली सरकार अब पीछे हटती नजर आ रही है.**



ताजे आदेश के अनुसार सतना व मैहर जिले में गेहूं खरीदी की तिथि 15 अप्रैल निर्धारित की गई है जिससे प्रदेश के किसानों में भारी आक्रोश व्याप्त है। जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष दिलीप मिश्रा ने गेहूं खरीदी मामले पर सरकार पर हमला बोलते हुए कहा है कि सरकार की लेट लतीफी सीधे तौर पर किसानों के साथ अन्याय है गेहूं की फसल पूरी तरह तैयार होकर किसानों के घर पहुंच चुकी है लेकिन खरीदी शुरू न होने से किसान खुले बाजार में औने पौने दामों पर अपनी उपज बेचने को मजबूर हो चुका है श्री मिश्रा गेहूं खरीदी मामले पर कटाक्ष करते हुए कहा है कि भाजपा सरकार के लिए किसान नहीं बल्कि बहाने प्राथमिकता बन गए हैं कभी बारदाने की कमी तो कभी व्यवस्थाओं का रोना रोकर खरीदी टाल दी जाती है अभी सरकार बारदानों का रोना रो रही है.

# स्थापना दिवस को लेकर भाजपा की हुई बैठक

नवभारत न्यूज

**सतना, 1 अप्रैल. आगामी 06 अप्रैल को भाजपा के स्थापना दिवस के अवसर पर 05 अप्रैल से 12 अप्रैल के बीच विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जायेगे।**




भाजपा जिलाध्यक्ष पं. भगवती प्रसाद पाण्डेय की अध्यक्षता मे भरहुत नगर स्थित पार्टी कार्यालय मे आयोजित हुई बैठक मे जानकारी दी गई कि जिला स्तर से लेकर बूथ स्तर तक आयोजित होने वाले कार्यक्रमो मे पार्टी के सभी वरिष्ठ, जेष्ठ एवं श्रेष्ठ कार्यकर्ताओ की सहभागिता सुनिश्चित की जायेगी। पं. भगवती प्रसाद पाण्डेय ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कि यह हम सब के लिए बहुत ही हर्ष का विषय है कि विश्व का सबसे ब?ा राजनैतिक दल भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस 06 अप्रैल को है जिसे देश के कोने-कोने मे करो?ा कार्यकर्ता पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाते हुए सेवाभाव और राष्ट्र प्रथम की मूल मंत्र के अनुसार संगठन के कार्यविस्तार एवं मजबूती का संकल्प लेते है। जिलाध्यक्ष ने जानकारी देते हुए बताया 05 अप्रैल से सभी पार्टी कार्यालयो मे सजावट की जायेगी। 06 अप्रैल को सभी भाजपा कार्यालयो मे भाजपा के इतिहास एवं विकास यात्रा पर व्याख्यान दिए जायेगे। 08 से 09 अप्रैल के बीच जिला स्तर पर सक्रिय सदस्यो का सम्मेलन आयोजित होगा जिसमे प्रदेश स्तर के वक्ता हिस्ता लेगे।

# श्रमिक दिवस पर संयुक्त ट्रेड यूनियनों ने मनाया काला दिवस

नवभारत न्यूज

**सतना, 1 अप्रैल. संयुक्त ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर सतना के ट्रेड यूनियनों द्वारा संयुक्त रूप से सतना के पुष्करणी पार्क में काला दिवस मनाते हुए आक्रोश व्यक्त किया गया।**




टीयूसी महासचिव कॉमरेड संजय सिंह तोमर ने काला दिवस को संबोधित करते हुए बताया कि मोदी सरकार द्वारा 125 वर्ष पुराने 44 श्रम कानूनों में से 29 श्रम कानूनों को खत्म करते हुए चार काली श्रम संहिताओं को 1 अप्रैल 2026 से लागू किया गया है, जिसका पूरे देश के ट्रेड यूनियनों ने जोरदार विरोध व्यक्त किया है। कॉमरेड संजय सिंह तोमर ने मोदी सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि देश के किसी भी ट्रेड यूनियनों से बेगैर सलाह मशविरा के ये चार काली श्रम संहिताएं बनाई गई है,जिसमे सिर्फ देशी विदेशी पूंजीपतियों के पक्ष में कानून बनाये गए है,इसमें देश की मेहनतकश जनता के साथ विस्वासघात करते हुए उन्हें गुलाम बनाने के कानून बनाये गए है। आज के विरोध प्रदर्शन में टीयूसी के संरक्षक हरि प्रकाश गोस्वामी, टीयूसी के अध्यक्ष टीपी पांडे, टीयूसी के उपाध्यक्ष प्रवेंद्र गौतम,सीटू के प्रदेश सचिव तेजप्रताप दुबे,इंटक के प्रादेशिक उपाध्यक्ष शंकर सिंह तिवारी,एटक के प्रादेशिक संयुक्त महासचिव राम सरोज कुशवाहा,एमपीएमएसआरयू के प्रादेशिक सचिव वीरेन्द्र सिंह रावल, प्रदेश कार्यकारणी सदस्य जितेन्द्र मिश्रा, सतना डिवीजन इंसयोरेन्स एम्प्लाइज एशोसिएशन के अध्यक्ष राजेश द्विवेदी, मध्यप्रदेश बैंक एम्प्लाइज एशोसिएशन सतना के जोगेन्दर सिंह,मनोज निगम, मध्यप्रदेश तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के प्रादेशिक सचिव आरडी द्विवेदी, सतना के अध्यक्ष विकल्प गौतम,केके शुक्ला, एमपीएमएसआरयू सतना इकाई के उपाध्यक्ष रणवीर सिंह, सहसचिव द्वय विवेक यादव,जितेंद्र पांडे, कोषाध्यक्ष प्रशांत केसरवानी, दीपक पांडे, रमेश श्रीवास्तव, अमर अग्रवाल, भारत पेंशनर समाज जिला सतना के नरेंद्र तिवारी, चंद्रिका प्रसाद त्रिपाठी, भारत कुमार दुबे, इंटक् से मनोज कुमार पांडे संदीप दुबे,यज्ञ नारायण पांडे पवन तिवारी,इंटक यू सी एल के महासचिव बिनोद कुमार मिश्रा,सतना सीमेंट इंटक युनियन से प्रिंस द्विवेदी,संतोष पाण्डेय,विनय तिवारी,धर्मेंद्र तिवारी सत्यनारयण शुक्ला आदि शामिल रहे.

## एक नजर में




### शिविर में 162 मरीजों की जांच

**सतना .** । डॉ राकेश मिश्रा अध्यक्ष पंडित गणेश प्रसाद में सेवा न्यास के द्वारा चलाए जा रहे अभियान चलता फिरता मुक्त अस्पताल आपका अस्पताल आपके द्वारा योजना अंतर्गत पद्मधर सिंह शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माधवगढ़ में एकदिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। सैकड़ो की संख्या में छात्र-छात्राओं व उनके अलावा विद्यालय स्टाफ का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। बीपी शुगर बजन के अलावा 23 प्रकार की निशुल्क जांच के उपरांत सामान्य रोगों से पीड़ित मरीजों को निशुल्क में दवाइयां दी गई।

### सांसद ने पर्यावरण उल्लंघन का उठाया मुद्दा




**सतना।** मैहर जिले में सीमेंट संयंत्रों द्वारा किए जा रहे पर्यावरणीय उल्लंघनों और श्रम कानूनों के पालन को लेकर मामला अब संसद तक पहुंच गया है। सतना लोकसभा क्षेत्र के सांसद गणेश सिंह ने लोकसभा में नियम-377 के तहत इस गंभीर मुद्दे को उठाते हुए केंद्र सरकार का ध्यान आकर्षित किया। सांसद ने सदन में कहा कि नवगठित मैहर जिले में संचालित कई बड़े सीमेंट संयंत्रों द्वारा रोपवे परियोजनाएं सघन वन क्षेत्रों से होकर चलाई जा रही हैं। इन परियोजनाओं में निर्धारित सीमा से अधिक वन भूमि का उपयोग किया जा रहा है और हजारों पेड़ों की अवैध कटाई की गई है। इससे पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है और वन्यजीवों पर भी नकारात्मक असर पड़ रहा है।

### सम्राट महापद्म नंद की जयंती पर होगा खिचड़ी का भंडारा



**सतना।** अखंड भारत के प्रथम चक्रवर्ती सोलह महाजनपदों के एकराट शासक समस्त एस सी एस टी ओबीसी समाज के गौरव सम्राट महापद्म नंद की जयंती के अवसर पर 02 अप्रैल को सेन समाज के राष्ट्रीय संगठन आल इंडिया महापद्म नंद कम्यूनिटी एजुकेटेड एसोसिएशन के द्वारा शहर के मध्य पन्नीलाल चौक में सम्राट अशोक स्तंभ के पास दोपहर बाद 03 बजे से खिचड़ी प्रसाद का वितरण करने का कार्यक्रम आयोजित है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए जिला कमेटी के सचिव शिवकुमार सेन छोटू द्वारा सभी भाई बंधुओं से कार्यक्रम में पहुंच कर प्रसाद ग्रहण करने का अनुरोध किया गया है।

### वंदेमातरम के साथ हुई कार्यालयीन कामकाज की शुरूआत

**सतना.** अप्रैल माह के प्रथम शासकीय कार्य दिवस पर बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा सामूहिक रुप से राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम तथा राष्ट्रगान जन-गण-मन का गायन करने के उपरांत कार्यालयीन काम की शुरूआत की गई। इस अवसर पर एसडीएम जितेंद्र वर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।